BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने भविष्य के लिए नींव तैयार करने वाले, 2023 के बजट को मंज़ूरी दी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (10 मार्च, 2023) – ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, कल खास काउंसिल मीटिंग में, सर्वसम्मति से 2023 के ऑपरेटिंग और कैपिटल बजटों (2023 Operating and Capital Budgets) को मंज़ूरी दी।

मंज़ूर किए गए बजट में शामिल है, ऐतिहासिक स्वास्थ्य देखभाल निवेशों पर आधारित और इनकी सहायता को जारी रखते हुए, कैपिटल प्रोजेक्टों में 496 मिलियन डॉलर का निवेश और आरक्षित पूंजी के लिए 134 मिलियन डॉलर का दूसरा रिकॉर्ड योगदान, एक दूसरे अस्पताल और एक नए कैंसर केयर सेंटर सहित।

845 मिलियन डॉलर के मंज़ूर किए ऑपरेटिंग बजट के परिणामस्वरूप, प्रॉपर्टी टैक्स बिल के सिटी के हिस्से पर सिटी की सेवाओं के लिए 2.9 प्रतिशत की वृद्धि, या प्रति औसत परिवार 177 डॉलर के बराबर है। यह रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के 2.8 प्रतिशत और स्कूल बोर्डों (School Boards) के 0 प्रतिशत वृद्धियों को मिलाकर। कुल प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि, ब्रैम्पटन में औसत घरेलू रिहायशी प्रॉपर्टी पर 321 डॉलर के बराबर है।

**2023 के बजट की झलकियां**

*इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी योगदान*

- डाउनटाउन के पुनर्निमाण के लिए तीन वर्षों में 21 मिलियन डॉलर
- सेवानिवृत्त सैनिकों और फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के लिए प्रोग्राम स्थान वाला, एनवायरनमेंटल एजुकेशन सेंटर / एनिमल शेल्टर (Environmental Education Centre / Animal Shelter) बनाने के लिए 3.5 मिलियन डॉलर
- कला और संस्कृति केंद्र के लिए 2.6 मिलियन डॉलर

*हेल्थ केयर: हमारा उचित हिस्सा*

- ब्रैम्पटन के लिए दूसरे अस्पताल के निर्माण में सहायता के लिए अस्पताल उगाही (लेवी) जारी रखना और एक नया कैंसर केयर सेंटर
- 4.9 मिलियन डॉलर का वार्षिक योगदान
- नए टोरोंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी (Toronto Metropolitan University) मेडिकल स्कूल के लिए 20 मिलियन डॉलर की सहायता

*ट्रांज़िट और जलवायु संबंधी बदलाव*

- ब्रैम्पटन की नई तीसरी ट्रांज़िट फैसिलिटी के इलेक्ट्रिफिकेशन और ब्रैम्पटन की मौजूदा सैंडलवुड (Sandalwood) ट्रांज़िट फैसिलिटी के इलेक्ट्रिफिकेशन रेट्रोफिट के लिए 210 मिलियन डॉलर

- चिंग्कूज़ी रोड (Chinguacousy Road) कॉरिडोर के साथ-साथ ज़ूम (Züm) सेवा विस्तार के लिए 15.4 मिलियन डॉलर

*कम्युनिटी की सुरक्षा और तंदरुस्ती*

- 24 नए फुल-टाइम फायरफाइटर्स
- कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान (Community Safety Action Plan) प्रदान करने के लिए 650,000 डॉलर से अधिक
- नए फायर उपकरण और वाहनों के लिए 8 मिलियन डॉलर
- ट्रैफिक को कम करने के उपायों के लिए 1.2 मिलियन डॉलर

*पार्क्स और रेक्रिएशन*

- होडन रेक्रिएशन सेंटर (Howden Recreation Centre) को पुनः विकसित करने के लिए 24 मिलियन डॉलर, एक नए स्पोर्ट्स फील्ड के निर्माण सहित
- गोर मेडोज (Gore Meadows) में क्रिकेट, सॉकर, टेनिस फील्ड और बिल्डिंगें विकसित करने के लिए 9 मिलियन डॉलर
- सिटी के वन मिलियन ट्रीज (One Million Trees) प्रोग्राम की हिमायत करते हुए, अर्बन फोरेस्ट कैनोपी प्रोग्राम (Urban Forest Canopy Program) के लिए 1.2 मिलियन डॉलर
- शहर में मौजूदा और नए पार्कों के लिए 13.25 मिलियन डॉलर

*हमारी कम्युनिटी द्वारा निर्धारित*

सिटी ने, अलग-अलग माध्यमों के द्वारा पूरा वर्ष फीडबैक एकत्र किया, जिसने सिटी का बजट बनाने में मदद की:

- 311 फोन कॉल्स, ईमेल्स, सोशल मीडिया
- 23 फरवरी को अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए 24 भागीदारों के साथ बिजनेस वर्चुअल (आभासी) राउंडटेबल
- बजट-विशेष टेलिफोन टाउन हॉल, जिनमें 7 फरवरी को 8,375 भागीदार और 25 फरवरी को 5,492 भागीदार शामिल हुए

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के 2023 के बजट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/budget पर जाएं।

**हवाले**

"हमारा 2023 का बजट, वृद्धि के लिए संतुलित दृष्टिकोण है, जहां हम हमारे भविष्य के लिए ठोस नींव तैयार करते हुए अपने सामने मौजूद परिवर्तनकारी अवसरों पर काम कर रहे हैं। हम अधिक स्वस्थ और भागीदारी वाली कम्युनिटीज बनाने और आरक्षित पूंजी में रिकॉर्ड योगदानों, ट्रांज़िट के लिए अधिक सहायता और लोकल हेल्थकेयर फंडिंग में ऐतिहासिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि हम नए पील मेमोरियल अस्पताल और कैंसर सेंटर पर काम कर रहे हैं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर; चेयर, बजट कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमारे निवासियों के लिए, यह ऐसा बजट है, जो जिम्मेदारी वाला दृष्टिकोण लाता है; ऐसा बजट, जो जी.टी.ए. (GTA) म्युनिसिप्लटीज में हमारी प्रतिस्पर्द्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाता है। सिटी के स्टाफ ने यह सुनिश्चित करने के लिए कठिन परिश्रम किया है कि चार

वर्ष तक टैक्स में कोई वृद्धियां न होने के बाद, हमने वह योजना प्रदान करना जारी रखा है, जो जायजा लेती है और सही मायने में ब्रैम्पटन के निवासियों और कारोबारियों की ज़िंदगियों में वृद्धि करती है।"

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1और 5; वाइस चेयर, बजट कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का 2023 का बजट, ब्रैम्पटन के भविष्य के लिए नींव तैयार करता है। हम सभी के लिए आधुनिक, भागीदारी वाली, सुरक्षित कम्युनिटीज बना रहे हैं, जो आने वाले वर्षों में निवासियों के आनंद लेने के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर, फायर, ट्रांज़िट और कई सुविधाओं में हमारे निवेशों द्वारा समर्थित है। हमारे बजट की योजना बनाने सहित हम जो करते हैं, लोग उसका मुख्य केंद्र होते हैं, जहां हम निवासियों की मुख्य तीन चिंताओं पर ध्यान केंद्रित रखा है: हेल्थकेयर, सुरक्षा और कम टैक्स।"

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca